# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**

**COMPILED BY MEDIA CELL (23.04.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 23.04.2025, PAGE-06**

छात्रों का सर्टिफिकेट कॉलेजों व पीजी विभागों में जमा करने का निर्देश

## कोटा में दाखिला लेने वाले छात्रों के मांगे गए दस्तावेज

हि असर



- डीएसडब्ल्यू ने प्राचार्य व पीजी अध्यक्ष को लिखा पत्र
- पीजी सत्र 2024-26 में नामांकित छात्रों का मांगा ब्योरा
- जिनका दस्तावेज नहीं जमा होगा उनका नामांकन रद्द

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू में पीजी सत्र 2024-26 में कोटे के तहत हुए नामांकित छात्रों का दस्तावेज विवि प्रशासन ने मांगा है। इस बारे में विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने मंगलवार को सभी प्राचार्य और पीजी विभागाध्यक्ष को पत्र लिखा है।

पत्र में लिखा है कि कोटा में दाखिला लेने वाले छात्रों का सर्टिफिकेट 25 अप्रैल तक कार्यालय में जमा कर दें। छात्रों का दाखिला जिस कोटे में हुआ है उस कोटे का सर्टिफिकेट कॉलेजों और पीजी विभागों में जमा करने का निर्देश दिया गया है। डीएसडब्ल्यू ने कहा है कि जिस छात्र का दस्तावेज नहीं जमा होगा उसका नामांकन रद्द कर दिया जायेगा। आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान ने चार अपैल के अंक में कोटे में खेल शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद इस मामले पर काफी हलचल मची थी। विवि प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए सभी कॉलेजों और विभागाध्यक्षों को इस बारे में दस्तावेज जमा करने का निर्देश दिया है। उधर, बीआरएबीयू में 24 अप्रैल को स्नातक में दाखिले के लिए एडमिशन कमेटी की बैठक होगी। बैठक में भी कोटे में दाखिले का मुद्दा उठाया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता कुलपति करेंगे। बैठक में स्नातक और पीजी में सीटों की वृद्धि का प्रस्ताव रखा जायेगा। कई कॉलेजों ने स्नातक में सीट वृद्धि करने की मांग विवि प्रशासन से की है। फीस समानता का भी मुद्दा उठाया जायेगा।

### डॉ. सीमा शर्मा बनीं सिंडिकेट की सदस्य

मुजफ्फरपुर। राजभवन ने डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह बीएड कॉलेज की सचिव डॉ. सीमा शर्मा को बीआरएबीयू का सिंडिकेट सदस्य बनाया है। इनकी नियुक्ति प्रो. ओपी राय के स्थान पर की गई है। प्रो. राय का कार्यकाल पूरा होने के बाद राजभवन से डॉ. सीमा शर्मा की नियुक्ति की अधिसूचना मंगलवार शाम को जारी की गई। डॉ. सीमा तीन साल के लिए सिंडिकेट सदस्य मनोनीत की गई हैं। डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह बीएड कॉलेज की प्राचार्य नूतन कुमारी, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय की सचिव डॉ. सीमा शर्मा को बधाई दी है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 23.04.2025, PAGE-04**

## मैन पावर सर्विसेज के लिए टेंडर को लेकर कमेटी गठित

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज, हाउस कीपिंग और मैन पावर सर्विसेज के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जानी है. इसके लिए कमेटी का गठन किया गया है. इसमें ह्युमेनिटीज के डीन प्रो. सतीश कुमार राय को चेयरमैन और विकास पदाधिकारी डॉ. जितेश पति त्रिपाठी को सदस्य सचिव बनाया गया है. कमेटी में प्रॉक्टर प्रो. बीएस राय, फाइनेंस ऑफिसर प्रवेश कुमार पाठक, इस्टेट ऑफिसर डॉ. दिलीप कुमार व लॉ ऑफिसर डॉ. खानम आफरीन को सदस्य बनाया गया है. कमेटी की अनुशंसा के आधार पर ही विभिन्न कार्यों के लिए टेंडर जारी किया जाएगा. कुलपति के आदेश पर कुलसचिव प्रो. संजय कुमार ने टेंडर कमेटी गठन की अधिसूचना जारी की.

## बीआरएबीयू ने टीडीसी पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा का फॉर्म भरने की तिथि बढ़ी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू ने टीडीसी पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा का फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है. अब 500 रुपये विलंब के साथ स्टूडेंट्स 30 अप्रैल तक फॉर्म भर सकेंगे. पहले सोमवार तक परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि तय थी. दूसरी ओर इसकी परीक्षा अगले महीने 10 मई के बाद कराई जा सकती है. परीक्षा के लिए आधिकारिक तिथि की घोषणा अब तक नहीं हुई है. परीक्षा नियंत्रक ने तिथि बढ़ाने के लिए आदेश जारी कर दिया है.

## बीआरएबीयू में डॉ सीमा शर्मा सिंडिकेट की सदस्य नामित

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में डॉ सीमा शर्मा को सिंडिकेट सदस्य नामित किया गया है. इसको लेकर राजभवन की ओर से आदेश जारी हुआ है. इसकी सूचना कुलपति को दी गयी है. उन्हें एलएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ ओपी राय के स्थान पर नामित किया गया है. सिंडिकेट सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया है. डॉ सीमा को तीन वर्ष के लिए सिंडिकेट का सदस्य बनाया गया है. दूसरी ओर पिछले दिनों सीनेट की बैठक में सिंडिकेट के नये सदस्यों का चुनाव किया गया है.

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE:23.04.2025, PAGE-04

# पृथ्वी दिवस पर वीसी ने पौधे लगाने को किया प्रेरित



विश्वविद्यालय वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग मे मनाया गया पृथ्वी दिवस.

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग में पृथ्वी दिवस पर पोस्टर प्रजेंटेशन व पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत वीसी प्रो डीसी राय ने पौधे लगाकर की. वीसी ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि १धरती हमारी मां के समान है, उसकी रक्षा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है. उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें और अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रो एसए मुज्तबा, डीन, वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय तथा प्रो आरके श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष व निदेशक, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग उपस्थित रहे. कार्यक्रम समन्वयक डॉ चौधरी साकेत कुमार, शिक्षकों में डॉ अनुपम, डॉ विनोद बैठा, मो शलाउद्दीन डॉ पी लाल, डॉ गोविंद जलान, डॉ सुभाष, डॉ अनीता, डॉ प्रियंका रंजन, कन्हैया, आशीष समेत कई संकाय सदस्य मौजूद रहे.

**ज्यादा पौधे लगाकर पृथ्वी रहेगी सुरक्षित.** रामेश्वर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से पृथ्वी दिवस मनाया गया. प्राचार्य प्रो ब्रह्मचारी व्यास नंदन शास्त्री ने कहा कि पृथ्वी हमारी मां की तरह है और हम सब इसके पुत्र हैं. हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर पृथ्वी माता को संरक्षित और सुरक्षित रखना चाहिये. इस दौरान एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शारदानंद सहनी, हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ उपेंद्र प्रसाद, डॉ वसीम रेजा, डॉ अभिनय, डॉ मीरा, डॉ राजबली राज सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे.